दिन–शुक्रवार

दिनांक– 27 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधिः– 05 मिनट

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि देश के सतत आर्थिक विकास के लिए एक मजबूत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम तंत्र ज़रूरी है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह देश की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ है। आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय एम.एस.एम.ई. दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एम.एस.एम.ई. क्षेत्र देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि एम.एस.एम.ई. क्षेत्र ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि एम. एस.एम.ई. क्षेत्र देश में कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार सृजक है। दुनिया भर में एम.एस.एम.ई. की भूमिका को रेखांकित करते हुए संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष दो हजार सत्रह में सत्ताईस जून को अंतरराष्ट्रीय एम.एस.एम.ई. दिवस के रूप में नामित किया।

———————————————————————

भारत ने ऑपरेशन सिंधु के तहत भारतियों को सुरक्षित निकाल कर स्वदेश वापस लाने के प्रयासों में सहयोग के लिए इस्राइल, ईरान, जॉर्डन, मिस्र, आर्मेनिया और तुर्कमेनिस्तान का आभार व्यक्त किया है। भारत ने ईरान और इस्राइल से अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए अठारह जून को ऑपरेशन सिंधु शुरू किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने बताया कि ईरान से भारत ने अब तक तीन हजार चार सौ छब्बीस नागरिकों को सुरक्षित निकाला। उन्होंने कहा कि इस्राइल से अब तक आठ सौ अठारह भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया है।

———————————————————————

भ्रष्टाचार और काले धन के खिलाफ कार्रवाई के तहत आर्थिक अपराध इकाई ने आज  राज्य खाद्य निगम में पदस्थापित लेखापाल राजेश कुमार के छह ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। राजेश कुमार वर्तमान में मोतिहारी में पदस्थापित हैं। आय से दो सौ प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में ईओयू ने राजेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। छापेमारी की यह कार्रवाई पटना, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर और

हाजीपुर में स्थित कुल छह ठिकानों पर की गई। छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और संदिग्ध लेन–देन से संबंधित कागजात बरामद हुए हैं। ईओयू के अधिकारी ने कहा कि जब्त संपत्ति और दस्तावेजों की विस्तृत जांच की जा रही है।

———————————————————————

सरकार ने दिव्यांगजनों और बुजुर्ग नागरिकों की सुविधा के लिए सुगम्य भारत ऐप को नया रूप दिया है। उन्नत सुविधाओं में उपयोगकर्ताओं को कम समय में सहायता करने के लिए एआई संचालित चैटबॉट और विकलांग व्यक्तियों के लिए सरकारी योजनाओं और अन्य मूल्यवान संसाधनों का एकीकरण शामिल है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने दो हजार इक्कीस में इस ऐप को लॉन्च किया था।

———————————————————————

प्रदेश में श्रावणी मेले को लेकर तैयारियां व्यापक स्तर पर जारी हैं। मेले के लिए मुजफ्फरपुर के आरडीएस कॉलेज में टेंट सिटी बनाई जाएगी। पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने मेले की तैयारियों की समीक्षा के बाद बताया कि इस टेंट सिटी में एक हजार लोगों के बैठने की क्षमता होगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान पहलेजा घाट से बाबा गरीबनाथ तक श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। इधर, रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए श्रावणी मेले के दौरान पटना से आसनसोल के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह मेला स्पेशल ट्रेन ग्यारह जुलाई से नौ अगस्त तक सप्ताह में पांच दिन चलेगी।

———————————————————————

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, गया और औरंगाबाद जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, प्रदेश के उत्तर–पश्चिमी और दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर आंधी और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने तीस जून से प्रदेश के अधिकांश भागों में वर्षा की संभावना जताई है।

———————————————————————

समाप्त